एपीएनआईसी 49 नीति प्रस्ताव परिणाम

एपीएनआईसी 49 में चर्चा किए गए नीति प्रस्तावों का परिणाम

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एपीएनआईसी 49 में खुली नीति बैठक में निम्नलिखित प्रस्तावों पर विचार किया गया।

प्रॉप-130-v002: स्थानाँतरण नीतियों में संशोधन

इस प्रस्ताव के लिए आम सहमति प्राप्त नहीं हो सकी। प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में बोलने वाले लोग सहमति पर नहीं पहुँच पाए। इस प्रस्ताव को समुदाय के साथ आगे की चर्चा के लिए मेलिंग सूची में और अगले ओपीएम के लिए एक नया सँस्करण जमा किए जाने के लिए वापिस भेजा गया।

प्रॉप-133-v002: उप-एसाइनमेंटों के बारे में स्पष्टीकरण

इस प्रस्ताव के सँस्करण 2 के लिए आम सहमति प्राप्त नहीं हो सकी। प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में बोलने वाले लोग सहमति पर नहीं पहुँच पाए। इस प्रस्ताव को समुदाय के साथ आगे की चर्चा के लिए मेलिंग सूची में और अगले ओपीएम के लिए एक नया सँस्करण जमा किए जाने के लिए वापिस भेजा गया।

इसी के समान एक अन्य प्रस्ताव प्रॉप-124 के ऊपर एपीएनआईसी 46, एपीएनआईसी 47, और एपीएनआईसी 48 में चर्चा की गई और समुदाय के सदस्यों के बीच आम सहमति प्राप्त नहीं हो पाई, इसलिए एसआईजी अध्यक्षों ने इस प्रस्ताव को छोड़ देने का निर्णय लिया।

प्रॉप-134-v002: पीडीपी अपडेट

इस प्रस्ताव के सँस्करण 2 के लिए आम सहमति प्राप्त नहीं हो सकी। लेखक ने प्रस्ताव को वापस ले लिया क्योंकि इसके पक्ष और विपक्ष में बोलने वाले लोगों के बीच सहमति प्राप्त नहीं हो पाई। एपीएनआईसी 48 में एपीएनआईसी कार्यकारी परिषद ने सचिवालय को पीडीपी की समीक्षा करने और समुदाय के पास वापिस रिपोर्ट करने का निर्देश दिया।

इसी के समान एक अन्य प्रस्ताव, प्रॉप-126 के ऊपर भी एपीएनआईसी 46, एपीएनआईसी 47, और एपीएनआईसी 48 में चर्चा की गई थी और समुदाय के सदस्यों के बीच आम सहमति प्राप्त नहीं हो पाई, इसलिए एसआईजी अध्यक्षों ने प्रस्ताव को छोड़ देने का फैसला किया।

उपयोगी कड़ियाँ

- एपीएनआईसी नीति विकास प्रक्रिया
  - https://www.apnic.net/community/policy/process/policy-development-process/
- नीति चर्चा मेलिंग सूची के सदस्य बनें:
  - https://mailman.apnic.net/mailing-lists/sig-policy
- एपीएनआईसी 49 के नीति पेज पर जाएँ:
  - https://conference.apnic.net/49/policy/proposals